तापमान

अधिकतम 40.0 डिग्री

न्यूनतम 27.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार 26 अप्रैल 2025

[राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर]



02 कोर्ट कर्मचारी से मारपीट करने वाले आरोपी जेल...





04 जिले में मुस्लिम समाज ने आतंकवाद के खिलाफ...










## खबर संक्षेप

### सांसद रूपकुमारी चौधरी का मैनपुर दौरा आज

**मैनपुर।** महासमुन्द लोकसभा क्षेत्र के सांसद रूप कुमारी चौधरी 26 अप्रैल को सुबह 10 बजे मैनपुर पहुंचेगे। इस दौरान भाजपा मंडल द्वारा जोरदार स्वागत किया जायेगा। सांसद रूप कुमारी चौधरी स्थानीय लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों की बैठक लेंगे एवं क्षेत्र से पहुंचे आम जनता की समस्या सुनेगें। उक्त जानकारी भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोश यादव ने देते हुए सभी भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।



### शादी का झांसा देकर एक साल तक युवती का किया यौन शोषण, गिरफ्तार



**मैनपुर।** देवभोग थाना के आश्रित ग्राम लाटापारा में एक युवती के साथ एक वर्ष तक शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का मामला सामने आया है। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पीड़िता ने बताया कि लड़का लाटापारा गाड़ी में रोज घूमने आया करता था,इस दरमियान हम दोनों का मिलना हुआ करता था,तभी लड़के ने मुझे कहा कि में तुझे प्यार करता हूं कहने लगा बाद में धीरे धीरे आरोपी से उसकी जान-पहचान पढ़ती गई। इसके बाद दोनों के बीच प्रेम संबंध बन गए। आरोपी ने शादी का झांसा देकर कई बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। दोनों के बीच प्रेम प्रसंग स्थापित होने के बाद कई बार दोनों एक दूसरे के साथ कई जगहों पर मिलकर कई बार शारीरिक संबंध भी बनाया। घूमने फिरने के दौरान पुस्तम उर्फ गुड्डू ने युवती के साथ शादी करने की बात कहकर कई बार शारीरिक संबंध भी बनाया। शादी की बात करने पर अब वह इनकार कर दिया। पुस्तम उर्फ गुड्डू द्वारा युवती से शादी से इनकार करने के बाद युवती ने देवभोग थाना में रिपोर्ट दर्ज कर न्याय की गुहार लगाई थी।तभी देवभोग थाना शेष पेज 02 पर

# फंड का संकट, तीन महीने से बंद है अनुविभागीय कार्यालय का निर्माण कार्य

## लोक निर्माण विभाग द्वारा लगभग 45 लाख रुपए की लागत से किया जा रहा कार्यालय का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरा

लोक निर्माण विभाग द्वारा कृषि उपज मंडी के सामने अनुविभागीय कार्यालय का निर्माण प्रारंभ किया गया है जो विगत 3 माह से बंद पड़ा है। इस संबंध में अधिकारियों ने कहा कि उक्त कार्य के लिए फंड नहीं होने की वजह से काम बंद है और ठेकेदार को समय पर भुगतान नहीं होने की वजह से ठेकेदार काम बंद कर दिया है। प्रदेश सरकार द्वारा लगतार विभिन्न मंचों पर स्पष्ट रूप से कहा जाता है कि विकास के कार्यों के लिए सरकार के पास राशि की कमी नहीं है और सभी विभागों को पर्याप्त राशि प्रदान की जारी है किंतु यह कहना काफी कठिन है कि इसमें सरकार सही है कि विभाग सही है और विभाग का कहना है कि फंड नहीं होने के कारण काम बंद पड़ा है, अब जनता यह समझ नहीं पा रही है कि इनमें से दोनों में से कौन सही कह रहा है? ज्ञात होगी अनुविभागीय कार्यालय का शुभारंभ विगत 2 वर्ष पूर्व किया गया है जो अस्थाई कार्यालय में संचालित है जिसके लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा लगभग 44 से 45 लाख रुपए की लागत से कार्यालय निर्माण स्वीकृति हुई है, इस प्रकार के प्रारंभ हुआ है किंतु लगभग तीन-चार माह से काम पूरी तरह बंद है। ज्ञात हो की अनुविभागीय कार्यालय का संचालन जिस भवन में होता है वह अतिरिक्त कक्ष है जहां पर हाल, दो कमरे हैं जिसकी वजह से इतनी बड़ी कार्यालय का संचालन में काफी समस्याएं होती है साथ ही साथ पेशी में आने वाले एवं अन्य लोगों को अपने बैठने की जगह नहीं होने की वजह से शासन द्वारा कार्यालय भवन निर्माण की स्वीकृति की गई, किंतु अब काम बन्द पड़ा है।



### राशि के आभाव में ठेकेदार को भुगतान नहीं

अधिकारी भी है बताने को सक्षम नहीं है कि आखिर काम कब प्रारंभ होगा? क्योंकि उन्होंने स्पष्ट रूप से नाम छापने की शर्त पर कहा कि विभाग के पास राशि नहीं होने की वजह से ठेकेदार को भुगतान नहीं हो पाया है और काम बन्द पड़ा है इसके अलावा भवन के पास जाने पर किसी प्रकार का बोर्ड नहीं लगा है इस से भवन की लागत निर्माण अवधि पूर्णता की अवधि एवं अन्य जानकारी उपलब्ध किया जाता है। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के अधिकारी ने कहा कि जानकारी के लिए बोर्ड लगाया गया था जो फट गया हो उड़ गया होगा। इससे अंदाज लगाया जा सकता है कि जो कार्य चल रहा है उसका भी जानकारी शायद विभाग सभी को उपलब्ध नहीं करना चाहता और जो काम बन्द पड़ा है अब यह समझ से परे हैं की आखिर पुनः यह कार्य कब प्रारंभ होगा? और कब अनु विभागीय कार्यालय मिलेगी?

## विडंबना : सड़क पर खड़ी यात्री गाड़ियों से हो रही समस्या, हर पल लग रहा जाम

# राजिम में बस स्टैण्ड नहीं, सड़क पर सवारी लेने से यातायात होता है बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

जिले के राजिम बस स्टैंड नहीं है। लिहाजा यात्री गाड़ियां सड़क पर ही खड़ी होती है। इसलिए यहां हर पल जाम लग रहता है। जाम लगाने में मुख्य भूमिका लोकल चलने वाले मिनी बस के चालकों का रहता है। पंडित सुंदर लाल शर्मा चौक से रायपुर, महासमुंद एवं गरियाबंद मार्ग पर चलती है। बस चालक बीच सड़क पर गाड़ी खड़ी करते हैं, सवारी भरते है, फिर कछुआ चाल में धीरे-धीरे आगे बढ़ाते हैं। दीगर वाहनों को उनके पीछे-पीछे चलना पड़ता है और यह तब तक जारी रहता है जब तक कि चालक की मर्जी साइड देने की न हो। नगर पंचायत रोड में प्रायः जिनका नंबर नहीं आया रहता है वह मिनी बस बीच सड़क पर खड़ी रहती है। यहां पर सोसायटी का ऑफिस है। यहां बाजू में सड़क के ऊपर मिनी बस खड़ी कर दी जाती है। गुरूवार को इस सड़क पर सुबह करीब 9 बजे दो बसे एक साथ खड़ी हो गई इससे दीगर वाहनों को बेवजह परेशान होना पड़ा। एक मिनी बस का चालक कुछ देर बाद आया, अपनी गाड़ी हटाया तब कही पीछे वालों को रास्ता मिल पाया।

दिन भर में कई बार जाम लगता है जिस पर कोई बोलने को तैयार नहीं है। राजिम एक जंक्शन है। यहां से महासमुंद, छुरा, गरियाबंद और रायपुर मार्ग के लिए यात्री गाड़ी सहित तमाम मालवाहक और दीगर वाहन हजारों की संख्या में गुजरती है। बस स्टैण्ड तो इस शहर में है ही नहीं। तमाम यात्री गाड़ियां सवारी भरने और उतारने के लिए रोड पर ही खड़ी होती है। सभी रूटों के लिए जहां गाड़ियां खड़ी होती शेष पेज 02 पर





### यातायात व्यवस्था को बनाएंगे सुगम : नपं अध्यक्ष

नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने बताया कि विधायक रोहित साहू की मंशा के अनुरूप राजिम में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने का प्रयास किया जा रहा है। विधायक रोहित साहू के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन से राजिम का सर्वांगीण विकास किया जायेगा। निरीक्षण के दौरान नपा अध्यक्ष महेश यादव, नपा उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर,थाना प्रभारी अमृत लाल साहू, सीएमओ मनीष गायकवाड़,अभियंता नितेश भंवर, सभापति भारत यादव, मंशा कुर्रे, आकाश राजपूत, कुलेश्वर साहू, पार्षद टंकू सोनकर, उत्तम निषाद, सुरेश पटेल, अजय पटेल, नरोत्तम जुगू राजपूत, बलराम यादव, पार्षद प्रतिनिधि कुलेश्वर साहू , यशवंत निराला, हवलदार तुलसी निषाद, रेखराम पटेल, दीपक वर्मा, दीपक कहार सहित कर्मचारीगण एवं नगर के प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे। उम्मीद है कि आज शनिवार से यातायात व्यवस्था में सुधार तेजी से आएगा।

### एक्शन मोड पर पुलिस व पंचायत प्रशासन

यातायात व्यवस्था को लेकर गुरूवार को राजिम नगर पंचायत के अध्यक्ष महेश यादव, आकाश राजपूत, तुषार कदम, कुलेश्वर साहू, बलराम यादव, यशवंत निराला, सुरेश पटेल,अजय पटेल सहित गणमान्य नागरिकों ने टीआई अमृतलाल साहू से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन मिलने के बाद दूसरे दिन शुक्रवार को ही टीआई अमृतलाल साहू और नगर पंचायत प्रशासन एक्सन में आ गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, सीएमओ मनीष कुमार, इंजीनियर एवं पार्षदों की टीम दैनिक हटरी बाजार, बस स्टैंड एवं थोक सब्जी बाजार का निरीक्षण किया। यातायात प्रभावित स्थानों को चिन्हित कर सुगम यातायात बहाली के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पालिका की टीम के साथ विभिन्न स्थानों में जाकर लोगों से बात की। पालिका प्रशासन एवं पुलिस विभाग की टीम ने यातायात समस्या के निराकरण के लिए कई उपायों पर चर्चा की। जिसका परिणाम आज से ही राजिम नगर में देखने मिल रहा है। नगर पंचायत एवं पुलिस प्रशासन ने समन्वय स्थापित कर यातायात समस्या का हल निकालने का निर्णय लिया है।

### दिन भर दौडती हैं ओवरलोड गाड़ियां

राजिम से हर 2 से 5 मिनट में मिनी बस रायपुर के लिए छूटती है। 10 से 15 मिनट के अंतराल में महासमुंद और गरियाबंद के लिए छूटती है। ऐसा ही क्रम आने का होता है। राजिम क्षेत्र में रेत खदान होने की वजह से पूरा दिन भर ओवरलोड गाड़ियां हाईवा वाहन जानलेवा रफ्तार में दौड़ती है। बस स्टैण्ड से लेकर रायपुर रोड पर फॉरेस्ट नाका, महासमुंद रोड में तहसील ऑफिस और गरियाबंद मार्ग पर दत्तात्रेय मंदिर तक ट्रेफिक का दबाव इतना बढ़ा हुआ होता है कि यहां से सही-सलामत निकल गए, तो जिन्दगी बच गई, वर्ना दुर्घटना होना तय समझो। यह कोई एक दिन की बात नहीं है। गरियाबंद जब जिला बना, तो लोगों को यह उम्मीद थी कि जिला स्तर के आला अफसर एसपी, कलेक्टर से लेकर सारे विभागों के अधिकारी यहां रहेंगे। इससे राजिम शहर की स्थिति अवश्य सुधरेगी, मगर जिला बने कई बरस हो गए, स्थिति ज्यों की त्यों है।



### हाईवा ने अस्पताल की दीवार तोड़ी बड़ा हादसा टला, कोई हताहत नहीं





#### घटना भेण्डरी गांव की

**नवापारा-राजिम।** गुरूवार की आधी रात खुनी रफ्तार में दौड़ रही हाईवा पास के गांव भेण्डरी के सरकारी अस्पताल परिसर में बिजली खंभे एवं पेड़ों को धराशायी करते हुए घुस गया। गनीमत रहा कि यह घटना देर रात में हुई । जानकारी के मुताबिक इन दिनों कइयों रेत घाट में अवैध रेत उत्खनन एवं लोडिंग का काम चल रहा है। नदी में रेत भरने के लिए रात-रात भर सैकड़ो-हजारों की संख्या में दुर्ग, भिलाई, रायपुर तथा अन्य शहरो से पहुंच रही है। हाईवा चलाने वाले ड्राईवर अधिक ट्रीप मारने के चक्कर में तेज रफ्तार गाड़ी दौड़ाते है। इन्हें न तो ठीक से सड़क दिखाई पड़ता है और न ही सड़क का मोड़ तथा छोटे-छोटे गांव। इन ड्राईवरों की हालत यह भी रहती है कि इनके नींद भी पूरे नहीं होते तथा अधिकतर ड्राईवर नशा में धुत भी रहते है। भेण्डरी की यह घटना ऐसे कौन से कारण से हुई इसकी तफ्तीश में पुलिस लगी हुई है। ड्राईवर को हल्का चोट आने की खबर है। हाईवा का नंबर सीजी 04 पी क्यू 5220 बताया गया है। मालूम हो कि ऐसा एक भी गाड़ी नही है जिनकी स्पीड कम रहती हो। अधिक स्पीड होने शेष पेज 02 पर

## किसानों ने प्रशासन से की मुआवजे की मांग

# लो वोल्टेज, बिजली कटौती से फसलें सूख रही, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रसेला

क्षेत्र में विद्युत कटौती और लो वोल्टेज की समस्या ने किसानों को परेशान कर रखा है। रसेला सहित वनांचल क्षेत्र में रबी सीजन पर धान फसल लेने वाले किसानों की फसल सिंचाई पानी के अभाव में सूखने लगी है। खेतों में दरारें पड़ी हुई है। इससे किसानों को भारी नुकसान का अंदेशा बना हुआ है। किसानों ने शासन से मुआवजे की मांग की है। क्षेत्र में वोल्टेज की समस्या हमेशा रहती है, इससे बोर सिंचाई पंपों में पानी की रफ्तार काफी धीमी रहती है, जिससे सिंचाई संभव नहीं हो पाती है। तेज गर्मी और लो वोल्टेज, बिजली कटौती के चलते लादाबाहरा, कुडेरादादर, मुढीपानी, जिडार, कनफाड, मेडकीडबरी, सुरगपानी, दादरगाव नया, कोठीगाव, पड्रीपानी गोंड, कनसिघी, हिराबत्तर, भरूवामुडा, रूवाड, सहित 30 से अधिक गांवों के किसानों की फसल प्रभावित हो रही है। क्योंकि इस समय धान में बालियां निकलने लगी है और इस समय धान को पानी की अत्यंत आवश्यकता होती है।

### नहीं चल रहा मोटर पंप

मेडकीडबरी के सरपंच रवि मरकाम, उपसरपंच धनसाय ध्रुव, जनकराम ध्रुव,इमलेश ध्रुव ने कहा कि लो वोल्टेज के कारण फसल की सिंचाई प्रभावित हो रही है। वहीं मोटर पंप भी जलकर खराब हो रहें हैं। क्षेत्र सिर्फ मोटर पंप के भरोसे ही खेती किसानी का कार्य पूरा हो पाता है। सैकड़ों एकड़ खेत में फसल की सिंचाई के लिए किसानों ने मोटर पंप लगाया हुआ है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से लो वोल्टेज व अघोषित बिजली कटौती की समस्या के चलते किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है। लो वोल्टेज की समस्या तो लगातार बनी हुई है, ऊपर से हर रोज बार बार बिजली कटौती किया जा रहा है। जिससे सभी किसान काफी परेशान हैं। लो वोल्टेज के चलते मोटर पंप चल नहीं पा रहे हैं, सिंचाई के अभाव में खेतों में सूखे की स्थिति है। विधुत विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों को कई बार अवगत कराया गया है। लेकिन आज तक समस्या का समाधान नहीं किया गया है। क्षेत्र के समस्त किसानों ने कहा है कि आने वाले 14 मई को रसेला में सुशासन तिहार शिविर में मुख्य मंत्री के पास अपनी समस्याओं को अवगत कराएंगे।

### अधिकारी समस्याओं व मांगों को नहीं ले रहे गंभीरता से



इन दिनों किसान व ग्रामीण 42 डिग्री तापमान के बीच लो वोल्टेज व विघुत कटौती से जूझ रहे हैं। लादाबाहरा निवासी भूवेन्द्र मरकाम, गुलाब सिंह मरकाम उपसरपंच, नरसिग नेताम, राधेश्याम सोरी, महावीर ओटी, हेमूबाई, शांति बाई, भगवान सिंह, नारायण सिंह ओटी कुडेरादादर से झवर अग्रवाल, नारायण सिंह ठाकुर, केजूराम ध्रुव, भीखम साहू, घनश्याम साहू, सेवक राम साहू, मुढीपानी से सरपंच लता नागेश, उपसरपंच सीमा गुप्ता, जानु राम दीवान, मुक्तेश्वर दीवान, कृष्णा गुप्ता, रसेला से जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर, सरपंच रुपादेवी ठाकुर, उपसरपंच परमेश्वर यादव ने कहा कि कई बार शिकायत के बाद भी जिला प्रशासन के अधिकारी उनकी समस्याओं व मांगो को लेकर गंभीर नहीं है, इसका खामियाजा क्षेत्र के किसान भुगत रहे हैं। खेतों में लगाए रबी फसल सिंचाई पानी के अभाव में सूख रहे हैं, इससे किसानों को भारी नुक़सान हो रहा है।



### सरपंच की सफाई अभियान में सहभागिता नालियों में कचरा न डालने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

राजिम क्षेत्र के ग्राम पंचायत पांडुका में युवा सरपंच सुश्री भानु ध्रुव नालियो की सफाई को लेकर गंभीरता से जुट गई है। जानकारी के मुताबिक गांव के ऐसे नालियो की सफाई पिछले एक वर्ष से नही हुई थी परिणाम स्वरूप नालियों में सीसी बॉटल, डिस्पोजल गिलाश और कुड़ा-करकट गले तक भर गया था। बस स्टैंड शेष पेज 02 पर



**खबर संक्षेप**

## भूमि हस्तांतरण, नामांतरण अब पंजीयन अधिकारी अधिकृत : किशोर

**नवापारा-राजिम।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर छत्तीसगढ़ में राजस्व प्रशासन पारदर्शी और भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। भाजपा नेताकिशोर देवांगन ने



बताया कि इसके तहत छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता की धारा 24 की उप-धारा (1) के अधीन तहसीलदार को प्राप्त नामांतरण की शक्तियां जिले में पदस्थ रजिस्ट्रार, सब रजिस्ट्रार को दी गई है। ये अधिकारी अपने क्षेत्राधिकार में पंजीकृत विक्रय पत्र के निष्पादन हेतु अधिकृत होंगे। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। श्री देवांगन ने बताया कि बताया कि यह अधिसूचना 24 अप्रैल 2025 से प्रभाव में आ चुकी है और इसे सभी जिलों में लागू करने के निर्देश दिए गए हैं।राजस्व एवं आपदा प्रबंधन द्वारा जारी अधिसूचना के तहत अब पंजीयन अधिकारी रजिस्ट्रार या सब-रजिस्ट्रार को उस क्षेत्र में पंजीकृत विक्रय पत्रों के आधार पर भूमि के हस्तांतरण का अधिकार सौंपा गया है। पूर्व में यह अधिकार तहसीलदार को प्राप्त था। जो कि भू-राजस्व संहिता की धारा 110 के तहत कार्य करते थे। अब इस बदलाव से भूमि क्रय-विक्रय प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगा और कम समय में नामांतरण की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

## साहू समाज परिक्षेत्र जामगांव का वार्षिक सम्मेलन तैयारी जोरों पर

**छुईहा बेलर।** साहू समाज परिक्षेत्र जामगांव का वार्षिक सम्मेलन की तैयारी जोरों से चल रही है। परिक्षेत्र अध्यक्ष मनोहर साहू, ने कहा कर्मा जयंती एवं वार्षिक अधिवेशन तथा सम्मान समारोह 27 अप्रैल को मानस भवन प्रांगण गुण्डरदेही में आयोजन की तैयारी जोर शोर चल रहा है। शुक्रवार को समाज पदाधिकारी राजिम विधायक रोहित साहू के निवास पहुंचकर भेंट मुलाकात किया गया और कार्यक्रम की तैयारी से अवगत कराया गया। वहीं विधायक ने निज सहायक किशोर साहू ने जामगांव साहू समाज कार्यक्रम में समय परिवर्तन की जानकारी दी। अब प्रोटोकॉल के तहत 12.30 बजे सुनिश्चित हुआ है।

**निधन**

## विप्लव उपाध्याय

**फिंगेश्वर।** ग्राम बिरोड़ा फिंगेश्वर निवासी 44 वर्षीय विप्लव उपाध्याय शर्मा का बीती रात निधन हो गया। वह सीमा शर्मा के पति,



कु. आर्या व आयुष के पिता एवं चंद्रशेखर शर्मा व स्वर्गीय रत्ना शर्मा के पुत्र थे। वहीं पर स्वर्गीय प्रकाश उपाध्याय रायपुर, राजेन्द्र उपाध्याय पटेवा, जितेन्द्र उपाध्याय रायपुर तथा प्रदीप उपाध्याय कुम्हारी के भतीजे थे। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को दोपहर ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया जिसमें बड़ी संख्या में उनके परिजन व ग्रामीण व मित्रगण शामिल होकर शोक सभा में श्रद्धांजलि अर्पित की।

**प्रतिक्रिया : कायरतापूर्ण हमला अत्यंत निंदनीय, मानवता पर आघात**

# पहलगाम आतंकी हमले के बाद उभरा जन आक्रोश, आतंकवाद के खात्मे की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में 26 लोगों मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हो गए, पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है इस हमले में हुई जानमाल की क्षति पर हर कोई शोक व्यक्त कर रहा है वहीं देशवासियों में आक्रोश भी स्पष्ट दिख रहा है केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी पहलगाम में घटना स्थल पर पहुंचे और वहां की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया वहीं सेना ने आतंकवादियों की तलाश के लिए ऑपरेशन भी शुरू कर दिया है।

इस दुखद घटना पर बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक **डमरूधर पुजारी** ने कहा कि जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा



निर्दोष नागरिकों पर किया गया कायरतापूर्ण हमला अत्यंत निंदनीय है। यह आतंकवादी हमला न सिर्फ कायरता की पराकाष्ठा है, बल्कि मानवता पर भी गहरा आघात है। किसी का धर्म पूछकर उनकी हत्या करना कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और हमें पूरा विश्वास है की केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं हमारे भारतीय सेना के जवान, उन सभी आतंकवादियों को उनकी सही जगह जरुर पहुंचाएंगे। इस ददर्नाक घटना में जिन परिवारों ने अपने सगे–संबंधियों को खोया है, उनके प्रति मैं अपनी संवेदनाएं प्रकट करता हूँ। इस कठिन समय में राष्ट्र एकजुट है, और आतंक के विरुद्ध हमारी प्रतिबद्धता अडिग बनी रहेगी।



भाजपा मंडल मैनपुर अध्यक्ष **संतोश यादव** कहा जिस प्रकार पहलगाम में आतंकियों ने भोले भाले पर्यटकों के ऊपर हमला किया है निश्चित तौर पर जितना भी निंदा किया जाए कम है। इसका बदला भारत जरूर लेगी। धर्म पूछ कर हमला करना बहुत ही दुखद घटना है।

### आतंकी हमला सोची समझी साजिश



भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष **महेश कश्यप** ने कहा की पहलगाम का ये आतंकी हमला एक सोची -समझी साजिश है। जिसमें पर्यटकों से उनका धर्म पूछकर और उनके हिंदू होने के कारण उनका नरसंहार किया गया है। अब केंद्र सरकार को बिना देर किए आतंक के इस मॉड्यूल को ध्वस्त करना चाहिए।

### आतंकियों को बख्शा नहीं जाएगा



भाजपा के वरिष्ठ नेता **मनोज निर्मलकर** ने कहा की पहलगाम के आतंकी हमले में अपनों को खोने का दर्द हर भारतीय को है। इस दुःख को शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सरकार इन सभी परिवारों के साथ है। बेगुनाह मासूम लोगों को मारने वाले इन आतंकियों को बिल्कुल बख्शा नहीं जाएगा।

### तत्काल कठोर कार्रवाई हो



भाजपा के वरिष्ठ नेता **तुलसी राठौर** ने कहां पहलगाम में निर्दोषों को धर्म पूछकर मारा जाना यह सिद्ध करता है कि आतंकवादियों को स्थानीय सहयोग मिल रहा है। ऐसे तत्वों के विरुद्ध तत्काल कठोर कार्यवाही की जानी चाहिए। ऐसे खूनी भेड़ियों को देखते ही गोली मारी जाए। मृत व्यक्तियों के प्रति विनम्र श्रद्धांजलि व्यक्त करता हूं।

### कायरतापूर्ण हमला निंदनीय



भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंडित **योगेश शर्मा** ने जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा हमले में अपनी जान गवाने वाले निर्दोष पर्यटकों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट कर श्रद्धाजलि अर्पित की है। श्री शर्मा ने कहा कि जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा निर्दोष नागरिकों पर किया गया कायरतापूर्ण हमला अत्यंत निंदनीय है। यह आतंकवादी हमला न सिर्फ कायरता की पराकाष्ठा है, बल्कि मानवता पर भी गहरा आघात है।

### मानवता पर गहरा आघात



भाजपा महिला मोर्चा कार्यसमिति के प्रदेश सदस्य **नंदनी नेताम** ने कहा की यह आतंकवादी हमला न सिर्फ कायरता की पराकाष्ठा है, बल्कि मानवता पर भी गहरा आघात है। इस दर्दनाक घटना में जिन परिवारों ने अपने सगे–संबंधियों को खोया है, उनके प्रति मैं अपनी संवेदनाएं प्रकट करता हूं। इस कठिन समय में राष्ट्र एकजुट है, और आतंक के विरुद्ध हमारी प्रतिबद्धता अडिग बनी रहेगी।

### अत्यंत ही संवेदनशील घटना



मैनपुर के पूर्व सरपंच **सरीता सेन** कहा की यह अत्यंत ही संवेदनशील घटना है और आतंकवाद के खिलाफ हम सभी देशवासी एक जुट होकर पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने के लिए साथ हैं।



**कडी सजा मिलनी चाहिए-** भाजपा मडल पूर्व अध्यक्ष **दुलार सिन्हा** ने कहा की इस घटना ने न केवल जम्मू–कश्मीर को, बल्कि पूरे भारत को झकझोर कर रख दिया है। आतंकियों के नापाक मंसूबे कभी भी पूरे नहीं होगे। घटना के पीछे जो भी लोग होंगे उन्हें उनकी करतूत की सजा मिलनी चाहिए।

### आतंकी संगठन बौखलाए



भाजपा के वरिष्ठ नेता **राकेश दुबे** ने कहा की पहले पत्थरबाजी करके हमारे सेना के जवानों पर हमला और जम्मू–कश्मीर में आए दिन दंगा फैलाकर वहां डर का माहौल फैलाने वाले लोगों पर जबसे नकेल कसी गई हैं तब से पाकिस्तान और उनके पोषित आतंकी संगठन बौखलाए हुए हैं और ऐसे कुकृत्य कर रहें हैं।



पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष **रामदास वैष्णव** ने कहा विगत वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जम्मू–कश्मीर के विकास और वहां की जनता हेतु लिए गए निर्णायक फैसलों से जम्मू–कश्मीर में शांति व अमन कायम हुआ है। जो हमारे पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान और आतंकवादियों को रास नहीं आ रहा है, इसलिए इस प्रकार के कायराना हरकत उनके द्वारा कर निर्दोश लोगों की हत्या की जा रही है और इसकी कड़ी सजा मिलेगी।



जनपद सदस्य **कुमारी बाई** पटेल ने कहा इस आतंकवादी घटना ने मानवता को गहरी चोट पहुंचाई है अब पड़ोसी आतंकवादी पकिस्तान से आर–पार की लड़ाई होना चाहिए उन्हे धुल चटाने का समय आ गया है।

# कोर्ट के कर्मचारी से मारपीट करने वाले आरोपी जेल गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

थाना अमलीपदर क्षेत्र में न्यायालय के आदेश पर ज़मीन का कब्जा दिलाने पहुंचे कोर्ट कर्मचारी से मारपीट का मामला सामने आया है। घटना 24 अप्रैल की है। आदेशिका वाहक रामराव सोलंके जमीन विवाद से जुड़ी न्यायिक कार्यवाही के तहत मौके पर पहुंचे थे, जहां विवाद हो गया।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, कब्जा दिलाने के दौरान कुछ लोगों ने आपत्ति जताते हुए सोलंके से हाथापाई की। उन्हें घेरकर उनका बैग छीना गया और दस्तावेज़ छीनने की कोशिश की गई। शारीरिक हमला भी किया गया। यह पूरी घटना कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। रामराव सोलंके ने इस मामले में थाना अमलीपदर में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने इसे न्यायिक कार्य में बाधा डालने की मंशा से किया गया हमला बताया है। घटना के समय मौके पर राजस्व विभाग के अधिकारी, कोटवार, पटवारी



और ग्रामीण मौजूद थे, जिन्होंने बीच-बचाव का प्रयास किया।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धाराओं 126(2), 221, 121(1), 132, 296, 351(2) और 191(2) के तहत छह आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। मामले की जांच जारी है।

## गोस्वामी समाज का महासम्मेलन 2 मई को

**राजिम।** गोस्वामी समाज का महासम्मेलन 2 मई को रायपुरा में आदि गुरु शंकराचार्य जयन्ती उत्सव के रूप में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित होंगे। यह जानकारी देते हुए प्रांताध्यक्ष अशोक गिरि ने बताया कि पूर्व मंत्री राजेश मूणत मुख्य अतिथि होंगे। अध्यक्षता रमन गिरि करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में रायपुर के महापौर मीनल चौबे मौजूद रहेंगी। प्रांतीय प्रचार सचिव कामेश्वर गोस्वामी ने बताया कि समाज के श्रद्धेय महंतगण, संस्थापक सदस्य ओंकारपुरी, संरक्षक उमेश भारती गोस्वामी, पार्षद द्वय महेन्द्र औसर व आशु चन्द्रवंशी, भगवताचार्य सुरेन्द्रपुरी भी विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। प्रातः 10 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सनातन संस्कृति के संवाहक पूज्यपाद शंकराचार्य जी की पूजा अर्चना के साथ शुभारंभ होगा। भगवा ध्वज लेकर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

# इंदागांव मड़ई मेला में श्रद्धा के साथ हुई देवी-देवताओं की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम इंदागांव में मड़ई मेला का आयोजन किया गया। इस मड़ाई मेला में पूरे क्षेत्र के साथ ओड़िशा से भी बड़ी संख्या में लोग शामिल होने आए। मड़ाई मेला में देवी देवताओं की विशेष पूजा अर्चना के साथ शोभायात्रा निकाली गई और विशेष पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख शांति के लिए देवी देवताओ की पूजा अर्चना कर कामना किया गया। मड़ई पर लोगों ने देवी- देवताओं को फूल माला पहनाकर आशीर्वाद मांगा तो मड़ई में लोगों की भीड़ रात होने तक लगी रही एवं विभिन्न



मिठाई दुकान, कपड़ा दुकानों, खिलौने की कई दुकानो के साथ साथ अन्य दुकानो मे ग्रामीणो ने जमकर खरीददारी किया। क्षेत्र भर से पहुंचे देवी देवताओं ने लोगो को आशीर्वाद दिया इस दौरान देवी देवताओं की एक झलक पाने और आशीर्वाद लेने हजारो की संख्या में लोग उमड़ पड़े। मड़ाई मेला में शामिल होने जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप पहुंचे तो ग्रामीणों ने उनका जोरदार गाजेबाजे के साथ स्वागत किया। इस दौरान श्रृति ध्रुर्वा, सरपंच गुरूवारी बाई, उपसरपंच कांति बस्तिया, रूप सिंह बस्तिया, उत्तम, केसरी, हिरालाल ध्रुव, रूपेश मसिह, सोहन यादव, जनपद सदस्य सूर्य कांति, लोकू बस्तिया, दिनेश नागेश, आयूस दुबे, रिश्म रंजन यादव, नन्हेलाल यादव, नससिह ध्रुव, घनश्याम उपस्थित थे।

## विधायक को पुस्तक भेंट कर दी वैवाहिक वर्षगांठ की बधाई

**राजिम।** पंडित रामबिशाल पाण्डेय सेजेस राजिम के शाला एवं विकास प्रबंधन समिति के सदस्य तथा संस्था के व्याख्याता एवं एनसीसी अधिकारी सागर शर्मा ने विधायक रोहित साहू को उनके वैवाहिक वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर भगवान श्री राजीव लोचन की छायाचित्र भेंट कर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सागर शर्मा ने अपनी सद्य प्रकाशित कृति ओ मेरी पाठशाला नामक पुस्तक जो कि विद्यालय पर एकाग्र काव्य संग्रह है जिसका विमोचन प्रदेश के डिप्टी सीएम विजय शर्मा के करकमलों से किया गया था भेंट किया। काव्य संग्रह पर



विधायक रोहित साहू ने हर्ष व्यक्त कर बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय के चाक, ब्लैक बोर्ड, टाट पट्टी, बेंच, कुर्सी, शिक्षक, प्रयोगशाला, दर्ज संख्या, प्रवेश उत्सव, लेक्चर स्टैंड, कक्षा की घंटी, बच्चों की पढ़ाई शरारत व ऐसे ही 61 काव्य संग्रह संदेश युक्त,शिक्षा प्रद एवं एक नया प्रयोग है। ये कविताएँ नवाचार हैं साथ ही वर्तमान एवं भविष्य की शिक्षा व्यवस्था को विवेचित करती हैं। सोमनाथ पटेल ने कहा कि यह कृति छात्रों और शिक्षकों के लिए प्रेरणादायी सिद्ध होगी। उक्त अवसर पर विजय कंडरा ,जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव ,विधायक प्रतिनिधि खुशी साहू , सोमनाथ पटेल, संजीव साहू ,विजेता देवानी ,समीर शर्मा,जीतू यादव एवं अन्य नागरिकगण उपस्थित रहे।

## जल के बिना सुनहरे कल की कल्पना नहीं की जा सकती

**नवापारा-राजिम।** ग्राम पंचायत परसदा में भूमिगत जल संरक्षण दिवस के अवसर पर सरपंच रमेश वर्मा द्वारा जल संरक्षण के लिए संकल्प कराते हुए कहा कि हम अपने गांव के पारम्परिक जल स्त्रोतों जैसे कुएं, बावड़ी, तालाब आदि की साफ-सफाई और संरक्षण को अपना कर्तव्य मानेंगे। जल है तो कल है, बिना जल के सुनहरे कल की कल्पना नहीं की जा सकती। धरती पर



जीवन के अस्तित्व को बचाए रखने के लिए जल संरक्षण और बचाव बहुत जरुरी है। उपसरपंच तारणी साहू ने कहा कि जल संरक्षण से पानी की कमी को कम किया जा सकता है। सूखे जैसी समस्याओ से बचा जा सकता है। मनरेगा मेट टीकू यादव ने कहा कि जल प्रकृति द्वारा प्रदत्त सर्वोत्तम साधन है। जल के स्तर को सुधारने एवं पानी की उपलब्धता को बढ़ानेके लिए हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर पंचायत सचिव रामचंद तारक, पंच धरमचंद महिलांग, तेजराम साहू, रोजगार सहायिका माधुरी साहू, योगेश यादव, बिसेलाल यादव मौजूद थे।

**पेज 3 के शेष...**

### शादी का झांसा देकर...

प्रभारी गौतम गावड़े ने मामले को संज्ञान में लेकर त्वरित इसका निराकरण किया।

देवभोग थाना ने की कार्यवाही देवभोग पुलिस ने मामला गंभीरता से लेते हुए बी एन एस की धारा 4–सी एच एल, 6–सी एच एल 64(2)(उ)–बी एन एस और 87– बी एन एस के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी गौतम गावड़े ने कहा कि पीड़िता का बयान दर्ज कर लिया गया है और मेडिकल परीक्षण भी कराया गया है। पुलिस का कहना है कि ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी ताकि कोई भी व्यक्ति इस प्रकार का अपराध करने से पहले सौ बार सोंचे।

### राजिम में बस स्टैण्ड...

है, उसे पं. सुंदरलाल शर्मा चौक कहते हैं। इस चौक से होकर गाड़ियां आती-जाती है। चौक के सभी ओर सड़क तक लोग अपने व्यापार-व्यवसाय को फैलाकर रखते हैं। दोपहिया वाहन, सायकलों की ढेर नजर आती है। ट्रेक्टर चालक, मिनी बस बीच रोड में अपनी गाड़ी खड़ी कर देते हैं। ऊपर से तुर्रा यह कि फलवाले, चाट वाले भी सड़क पर ही ठेला लगाकर व्यवसाय करते हैं। 24 घण्टे में 8-10 घण्टे तो लावारिस मवेशियां बीच सड़क पर बैठी नजर आती है।

### हाईवा ने अस्पताल की...

की वजह से ऐसी दुर्घटनाएं आए दिन हो रही है बावजूद तेज रफ्तार चलाने वाले चालक बाज नहीं आ रहे है। नागरिकों ने कहा है कि रात में पुलिस का पेट्रोलिंग लगातार होनी चाहिए जो तेज रफ्तार गाड़ी दौड़ाते है अथवा नशे में रहते है ऐसे चालको के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

### सरपंच की सफाई...

सड़क मार्ग से ये नालियां बस्ती की ओर है जहां सफाई की आवश्यकता थी। सरपंच सुश्री भानु ने शुक्रवार की सुबह सफाई कर्मियो को इन नालियों की सफाई करने का न केवल निर्देश दी बल्कि खुद सामने रहकर नालियों से मलमा को निकलवाई। शनिवार को नालियों से निकले इन मलमा को उठाया जाएगा। सरपंच ने बताया कि जहां-जहां बस्ती में सफाई की आवश्यकता होगी वहां कर्मचारी भेजकर साफ कराया जाएगा। उन्होने ग्रामीणों से आग्रह किया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान दें। किसी भी प्रकार से कचरे को नालियों में न डाले। घर, गांव, गली, मुहल्ले को स्वच्छ रखें। पानी बचाएं। जितना आवश्यकता हो उतना ही उपयोग करें व्यर्थ पानी को न बहने दें।

# 273वीं रैंक और छत्तीसगढ़ में तीसरा स्थान प्राप्त कर नगर एवं सिंध समाज का नाम किया रोशन

**राजिम निवासी अंकित थवानी ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर शानदार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ के प्रयागराज राजिम निवासी अंकित थवानी ने संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा 2024 में शानदार प्रदर्शन करते हए अखिल भारतीय स्तर पर 273वीं रैंक और छत्तीसगढ़ में तीसरा स्थान प्राप्त कर नगर एवं सिंध समाज का नाम रोशन किया है। अंकित, पूर्व राजपत्रित अधिकारी मुरली मनोहर थवानी और पूर्व पार्षद कमला थवानी के पुत्र हैं। उनके बड़े भाई, इंजीनियर राहुल थवानी और इंजीनियर हिमालय थवानी, भी अपने क्षेत्र में स्थापित हैं। नवापारा राजिम क्षेत्र के पहले युवा के रूप में अंकित ने सफलता हासिल कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। मुरली मनोहर थवानी और कमला थवानी ने



अपने तीनों बच्चों को उच्च शिक्षा प्रदान कर समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तत किया है। श्री पूज्य सिंध पंचायत, नवापारा राजिम की ओर से अंकित थवानी और उनके परिवार को हार्दिक बधाई और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई हैं। पंचायत ने अंकित की इस उपलब्धि को समाज वालो को शिक्षा के लिए अच्छा संदेश दिया है चूंकि इस समाज के लोग ज्यादातर व्यापार में ध्यान देते हैं। व्यापार भी एक अच्छी चीज है परंतु उच्च शिक्षित लोगो के लिए ऊपर तक जाने की संभावनाएं बनी रहती है। छात्र अंकित को बधाई देने वालो में विधायक रोहित साहू, राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, पूर्व अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर, राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, हरिभूमि के ब्यूरो चीफ श्याम किशोर शर्मा, देशबंधु ब्यूरो चीफ रमेश चौधरी, सेवानिवृत्त रेंज आफिसर लखन लाल सिन्हा, ज्ञानचंद लालवानी, अनिल जगवानी, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी सहित बड़ी संख्या में समाज एवं शहर के लोग शामिल हैं।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप




### पसौद के कर्मा जंयती में 29 को शामिल होंगे रोहित व चंदूलाल

**फिंगेश्वर।** साहू समाज परिक्षेत्र भसेरा के द्वारा न 29 अप्रेल 2025 बुधवार को ग्राम पसौद (फिंगेश्वर) में भक्त माता कर्मा जयंती, वार्षिक अधिकवेशन एवं सम्मान समारोह का आयोजन रखा गया है जिसके मुख्य अतिथि राजिम विधायक रोहित साहू एवं प्रमुख अतिथि पूर्व सांसद एवं छग राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू होंगे। वहीं पर कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला साहू संघ के अध्यक्ष नारायण लाल साहू होंगे। इसी प्रकार विशिष्ट एवं विशेष आमंत्रित अतिथिगण भी बड़ी संख्या मे होंगे। कार्यक्रम सुबह 11 बजे कलश यात्रा के साथ ग्राम में निकाली जावेगी। 12 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे वहीं पर दोपहर 1 बजे अतिथि आगमन, स्वागत एवं उद्बोधन कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम को लेकर भसेरा साहू समाज के अध्यक्ष नारायण साहू एवं ईश्वर लाल साहू बताया कि कार्यक्रम को लेकर आमंत्रण दिया गया है।

### पड़ोसी मुल्क को मुहं तोड़ जवाब दिया जाए : राजू

**नवापारा-राजिम।** पहलगाम आतंकी हमले में 27 निर्दोष भारतीयों की दुखद हत्या पर आक्रोश व्यक्त करते हुए सालासर



सुन्दरकाण्ड हनुमान चालीसा जनकल्याण समिति के संस्थापक राजू काबरा ने कहा कि कब तक हम अपने ही देश मे मारे जावेंगे। कब तक सहेंगे, कहां गया वो मेरा हिंदुस्तान जब 1965 में हम सप्ताह में एक बार भूखे सोते थे उसके बावजूद हमारी सेना लाहौर तक घुस गई थी। अब तो हमारा हिंदुस्तान विश्व की चौथी बड़ी आर्मी वाला देश है हमे सीखना होगा इजराइल से बहुत ही छोटा सा देश है पर उस पर हमला करने से पहले 100 बार सोचना पड़ता है। ये 6 से 8 आतंकवादी तो मोहरे है इनको जो प्रायोजित कर रहा शह दे रहा पड़ोसी मुल्क अब समय आ गया है कि उसे मुहँ तोड़ जवाब दिया जावे।

### कश्मीर की घटना निंदनीय : मिश्रा

**राजिम।** कश्मीर घाटी में निहत्ये पर्यटक को धर्म के आधार पर मारना भारतीय संस्कृति पर करारा प्रहार है, मानवता -भाईचारा के दुश्मन है। आंतकवाद द्वारा हिंदू



मुसलमानों में वैमनस्यता फैलाकर गृहयुद्ध कि ओर धकेलना चाहते है, उनके मंसूबे कभी पुरा नहीं होगा। नवदीप जनकल्याण समिति एवं राजिम नगर विकास मंच के अध्यक्ष अशोक मिश्रा ,मोहन साहू, ओंकार शुक्ला , गिरीश यादव, अवध साहू, अशोक गुप्ता, कुलेश्वर साहू, हेमकुमार साहू सरकार से कठोर कार्रवाई करने की मांग है।

### धमनी स्कूल में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम आयोजित

**फिंगेश्वर।** बच्चों के समग्र विकास के लिए बच्चों की प्रथम शिक्षिका अर्थात माता का बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य एवं सीखने के अवसरों से संबंधित बिंदुओं पर आधारित राज्य शासन की महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम अंगना म शिक्षा का आयोजन संकुल केंद्र किरवई के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला धमनी में किया गया तथा बच्चों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत धमनी के सरपंच रामकली रामानन्द धुरव तथा अध्यक्षता संकुल समन्वयक सुखेन साहू एवं विशेष अतिथि के रूप सरपंच प्रतिनिधि रामानंद धुरव, प्रधान पाठक गोप कुमार साहू उपस्थित थे।कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर शिक्षक महेन्द्र पंत द्वारा ग्राम की माताओं और बच्चों को अंगना में शिक्षा कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में बताते हुए कहा कि अंगना म शिक्षा शासन की महत्वाकांक्षी योजना है।

---

**विरोध :** हाथों में काली पट्टी, तिरंगा झंडा और आतंकवाद विरोधी बैनर लिए लोगों ने जमकर नारेबाजी की

# जिले में मुस्लिम समाज ने आतंकवाद के खिलाफ निकाली रैली, नारेबाजी कर पाकिस्तान का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले के विरोध में गरियाबंद जिले में मुस्लिम समाज ने शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद आतंकवाद के खिलाफ विशाल रैली निकाली। सैकड़ों लोगों की भागीदारी के साथ यह रैली मस्जिद से तिरंगा चौक तक निकाली गई, जिसमें हाथों में काली पट्टी, तिरंगा झंडा और आतंकवाद विरोधी बैनर लिए लोगों ने जमकर नारेबाजी की। अंत में आतंकवाद का पुतला दहन किया गया। रैली के दौरान पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद, हिंदुस्तान जिंदाबाद और भारत माता की जय जैसे नारों से गरियाबंद की फिजा गूंज उठी। प्रदर्शनकारियों ने आतंकवादियों को जल्द से जल्द पकड़कर कड़ी सजा देने की मांग की। रैली का आयोजन हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए 28 निर्दोष नागरिकों की याद में किया गया था। इस हमले के विरोध में मुस्लिम समाज ने एक स्वर में आतंकवाद की निंदा करते हुए शांति और एकता का संदेश दिया। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की भागीदारी ने इस बात को स्पष्ट किया कि पूरा समाज इस मुद्दे पर एकजुट है। रैली में शामिल पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष गफ्फू मेमन ने कहा की पहलगाम का हमला हम सभी के लिए दुखद है। गरियाबंद का मुस्लिम समाज आतंकवाद के खिलाफ खड़ा है और हम सरकार से मांग करते हैं कि ऐसे दरिंदों को तड़पा-तड़पा कर सजा दी जाए। हमारा मजहब अमन और इंसानियत सिखाता है, न कि खून-खराबा। आतंकवादियों का कोई धर्म नहीं होता, वे केवल इंसानियत के दुश्मन हैं। सदर क़यूम ख़ान ने कहा की पहलगाम की वादियों में बहा मासूमों का खून इंसानियत पर धब्बा है। आतंक की आग को मिलकर बुझाना होगा हिंदू, मुसलमान, सिख, ईसाई सभी को साथ आना होगा। वहीं समाजसेवी इमरान ने कहा की यह हमला केवल इंसानों पर नहीं, बल्कि कश्मीर की शांति पर हमला है। इस्लाम अमन और भाईचारे का पैग़ाम देता है। हमें मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि कश्मीर फिर मुस्कुराए।






### प्रशासन सतर्क, रैली रही शांतिपूर्ण

गरियाबंद पुलिस प्रशासन ने रैली के लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम किए थे। रैली शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ उठी इस एकजुट आवाज़ में प्रशासन समाज के साथ खड़ा है। रैली के आयोजकों ने सभी धर्मों और समाज के वर्गों से अपील की कि वे आतंकवाद के खिलाफ एकजुट रहें। उन्होंने युवाओं से सोशल मीडिया पर नफरत फैलाने वाले कंटेंट से दूर रहने और देश की एकता को मजबूत करने की अपील की। गरियाबंद की यह रैली आतंकवाद के खिलाफ एक मजबूत सामाजिक संदेश बनकर सामने आई है। यह दिखाता है कि भारत का हर नागरिक, चाहे वह किसी भी मजहब से हो, देश की अखंडता और अमन के लिए एकजुट है।

### हिन्दू संगठनों का पाकिस्तान विरोधी प्रदर्शन, पुतला दहन कर जताया आक्रोश



**मैनपुर।** जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में भीषण आतंकी हमले के विरोध में शुक्रवार को तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में समस्त हिन्दु संगठन के सदस्यों द्वारा उग्र प्रदर्शन करते हुए रैली निकाली और बस स्टैण्ड में पकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया गया। हिन्दु संगठन के श्रीराम सेना के वरिष्ठ कार्यकर्ता दिनेश सचदेव ने कहा की पहलगाम में हुआ नरसंहार मानवता पर कलंक है। इस्लामी जिहादी आतंकवाद ने एक बार फिर हिंदुओं को निशाना बनाया है। हिन्दु संगठन द्वारा इसकी कठोर निंदा करता है। अब समय है कि पाकिस्तान के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई हो। हम केंद्र सरकार से मांग करते हैं कि आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंका जाए और दोषियों को जल्द से जल्द सजा दी जाए। यह देश अब और बर्दाश्त नहीं करेगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से दिनेश सचदेव,पारस सिन्हा, मुकेश सिन्हा, तुलसी राठौर, राकेश दुबे, देव वाशनिक, भरत दास मानिकपुरी, हर्ष दास मानिकपुरी, रोमेश बंछोर, संतोष यादव, महेश कश्यप, डाकेश नेगी, मनोज निर्मलकर, तीजेश्वर सोनवानी, युगदास वैष्णव, दिग्विजय कुमार, देवेंद्र सिन्हा, आभाष निशाद, जितेंद्र साहू, अरुण यादव, जनक यादव, देव साहू, अमन बाम्बोड़े, उमंग ठाकुर, गौरव बाम्बोड़े, बल्लु ध्रुव, शिशुपाल नायक, शंकर नायक, प्रहलाद यादव, आर्यन पटेल, तुलसी राठौर अजय बघेल, रविन्द्र पटेल, शिशुपाल नायक व बड़ी संख्या में हिन्दु संगठन के सदस्य उपस्थित थे।

---

# पशुपालक उन्नत नस्ल के पशु पालन से सुधार रहे कृषि और दुग्ध उत्पादन

### कलेक्टर ने शुपालन विभाग के योजनाओं से लाभ दिलाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद



कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने शुक्रवार को पशुधन विकास एवं मत्स्य विभाग की संचालित योजनाओं का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पशुधन विकास विभाग द्वारा संचालित व्यक्तिमूलक योजनाओं विशेष रूप से राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना तथा सूकर त्रयी वितरण योजना से लाभान्वित हितग्राहियो का ग्रामीण अंचल में जाकर निरीक्षण किया गया तथा उनसे चर्चा कर योजनाओं की जानकारी लेते हुए उन्हें होने वाले लाभ पर भी विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर श्री उइके को ग्राम सढ़ौली के अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितग्राही लक्ष्मी ठाकुर एवं श्री गुणज्ञ चन्द्रवंशी द्वारा बताया गया गया कि कुछ वर्ष पूर्व वे देशी नस्ल के पशुधन को रखते थे जिनमें से देशी नस्ल के गायों का दुग्ध उत्पादन बहुत ही कम होता था। इसके उपरांत पशुधन विकास विभाग के अधिकारियों जानकारी ली गई। विभागीय अधिकारियों से जानकारी प्राप्त कर वे पूर्ण रूप से उन्नत नस्ल के पशुओं का पालन कर रहे है। जिससे उन्नत नस्ल की गायों से उनको प्रतिदिन 30 से 40 लीटर दुध उत्पादन हो रहा है। जिसे वे स्थानीय बाजार में 50 रूपये प्रति लीटर की हिसाब से विक्रय कर लाभ अर्जित कर रहे है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के अन्य पशुपालक कृत्रिम गर्भाधान का पूर्ण लाभ उठाते हुये देशी नस्ल की गायों का उन्नयन कर उन्नत नस्ल के पशुओं का पालन कर रहे है।

**मछली पालन कार्यालय का किया निरीक्षण-** इस दौरान पशु चिकित्सा एवं सेवाएं के उपसंचालक डॉ ओ.पी तिवारी ने बताया कि राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना के अंतर्गत 02 उन्नत नस्ल के दुधारू पशुओं का प्रावधान है। जिसकी इकाई लागत 1 लाख 40 हजार रूपये अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति श्रेणी के हितग्राहियों को 66.66 प्रतिशत अधिकतम 93 हजार 200 रूपये तथा सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के हितग्राहियों को 50 प्रतिशत अधिकतम 70 हजार रूपये का अनुदान डीबीटी के माध्यम से हितग्राहियों के खाते में अंतरित किया जाता है। कलेक्टर श्री उइके ने पशुधन को समय पर टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, उपचार आदि की समुचित व्यवस्था करने की निर्देश दिये। इसके अलावा कलेक्टर ने मत्स्य बीज उत्पादन परिक्षेत्र आमदी एवं मत्स्य बीज संवर्धन परिक्षेत्र कोकड़ी तथा मछली पालन कार्यालय का निरीक्षण किया, जिसमें वर्ष 2025-26 में मछली बीज उत्पादन के लक्ष्य को पूर्ति करने के लिए की जा रही तैयारियों की जानकारी ली और लक्ष्य की प्राप्ति के निर्देश दिये।

# सशिमं का परीक्षा परिणाम घोषित कक्षाओं का रहा शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद



भूतेश्वर नाथ बाल संस्कार समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गरियाबंद में शैक्षणिक सत्र 2024-25 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। विद्यालय का कुल सफलता प्रतिशत 98.16% रहा, वहीं अधिकांश कक्षाओं का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस उपलब्धि ने विद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों का उत्साह और विश्वास बढ़ाया है। अपने संबोधन में लोकनाथ साहू ने छात्रों को सतत प्रयास और लक्ष्य के प्रति समर्पण की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि केवल निरंतर प्रयास से ही विद्यार्थी सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

सत्यप्रकाश मानिकपुरी ने विद्यार्थियों की सफलता में अभिभावकों और आचार्यों की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा, "आज का परिणाम यह बताता है कि सफलता मेहनत, समर्पण और सही मार्गदर्शन से मिलती है। हमारे विद्यालय के शिक्षक और अभिभावकों का योगदान अतुलनीय है। विद्यार्थियों ने न केवल अच्छे अंक प्राप्त किए हैं, बल्कि उनकी मेहनत और अनुशासन भी उनकी सफलता की कुंजी है। हमें गर्व है कि हम उन्हें सही दिशा और मार्गदर्शन प्रदान कर सके।

संघर्ष और मेहनत का ही फल है सफलता, बच्चों ने किया उसे साबित। वर्षा तिवारी ने कहा कि यह शानदार परीक्षा परिणाम यह सिद्ध करता है कि जब विद्यार्थी, शिक्षक और अभिभावक एकजुट होकर प्रयास करते हैं, तो सफलता निश्चित होती है। इस अवसर पर आयोजित समारोह में लोकनाथ साहू, सत्यप्रकाश मानिकपुरी, प्रकाश निर्मलकर, भावेश सिन्हा, रितेश रोहरा, मनोज चंद्राकर, वाल्मीकि पैकरा, चैन सिंह बघेल, वर्षा तिवारी, तनु साहू और खुशबू केला रहें बतौर अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गोविंद किशोर सिन्हा ने किया।


# गौ आधारित खेती किसानों के लिए वरदान साबित होगी : शीतल ध्रुव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव(कोरासी)



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल के मार्ग दर्शन में श्री कुंज बिहारी गौ शाला सेवा समिति खुसरुपाली के द्वारा गौ जन जागरण यात्रा हरदी, डांगनबाय, लोहझर, पण्डरीपानी होते हुए गिधनी पहुंचकर गोष्ठी आयोजित कर गौशाला समिति के सचिव शीतल ध्रुव ने गौपालन संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश में गौ आधारित प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए आयोग की विस्तृत योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गौ आधारित प्राकृतिक खेती किसानों के लिए एक वरदान साबित होगी। छत्तर सिंग ठाकुर ने कहा कि गौ आधारित खेती अपनाने से किसानों की उत्पादन लागत में उल्लेखनीय कमी आएगी, क्योंकि इसमें महंगे रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों की आवश्यकता नहीं होती है। इसके साथ ही इस पद्धति से उत्पादित फसल की गुणवत्ता भी रासायनिक खेती की तुलना में कहीं अधिक बेहतर होगी जिससे किसानों को बाजार में अपनी उपज का बेहतर मूल्य मिल सकेगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से छत्तर सिंग ठाकुर, शीतल ध्रुव, पुनितराम ठाकुर, ठंकेश्वर चन्द्राकर, शिक्षक राधेलाल लाल साहू, हरिराम साहू, धनीराम ध्रुव, ओंकार सेन, देवानंद ठाकुर, तेजनाथ चन्द्राकर, कार्तिक ठाकुर, तिलक ठाकुर, रामजी ठाकुर, यश सिन्हा सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### पात्र परिवारों को पीएम आवास योजना से बाहर न रखा जाए



**छुईहा बेलर।** भारत सरकार के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत चल रहे सर्वे कार्य में जिला पंचायत गरियाबंद सदस्य इंद्रजीत महाड़कि ने पार्दर्शिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया है। गुरूवार को इंद्रजीत महाडिक ने ग्राम पंचायत चरौढ़ा, चरभट्ठी पहुंचे। वहां सरपंच गजानंद साहू, उपसरपंच, पंच एवं हितग्राहियों से मुलाकात कर चर्चा किया। हितग्राहियों के आग्रह पर उनके घर भी पहुंचे। वहां उनके जर्जर व दयनीय स्थिति पर चिंता व्यक्त किया। उन्होंने पंचायत सचिव को पीएम आवास सर्वे पारदर्शिता से करने को कहा। उन्होंने पीएम आवास योजना की तारीफ की और कहा की यह गरीब परिवार के लिए संजीवनी है। पंचायत एवं सर्वे टीम ध्यान दें वे कि कोई पात्र परिवार छुटना नहीं चाहिए। इसके जिला पंचायत सदस्य महाडिक ग्राम जमाही रामायण का, चरभट्ठी पंचायत में आवास हितग्राही, पंचायत प्रतिनिधियों से चर्चा किया।

### हाई स्कूल सेंदर का परीक्षा परिणाम घोषित

**छुईहा बेलर।** हायर सेकंडरी स्कूल सेंदर की वार्षिक परीक्षा 24-25 की परीणाम बुधवार को शाला प्रबंध समीति अध्यक्ष जनक साहू, प्राचार्य मेधा ठाकरे,भाजपा नेता व सदस्य रामाधार साहू, सदस्य चन्द्रिका साहू, शिक्षक, छात्र छात्राओं की उपस्थिति घोषित किया गया। 9 वीं में 79% एंव 11 वीं का 87% परिणाम रहा है। अध्यक्ष जनक साहू ने सभी ने सफल छात्रों को बधाई देते आगे की पढ़ाई की लक्ष्य की तैयारी में लग जाय। कहा पढ़ाई में लगन और कड़ी मेहनत कर अध्यापन कार्य में रूची लेता है, वो जीवन में सफल होता है इस बात के लिए प्रेरित किया गया। प्राचार्य मेघा ठाकरे ने छात्रों से समस्त छात्र-छात्रा को अपनी शुभकामनाएं दी तथा पूरक आए छात्रों को गर्मी की छुट्टी में मन लगाकर



पढ़ने को कहा ताकि वह पूरक परीक्षा उत्तीर्ण कर अगली कक्षा में जाएं। समस्त सफल परीक्षार्थियों को बधाई तथा शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होने कहा कि असफलता ही सफलता की सीढ़ी है इसे ध्यान रखते हुये, जो परीक्षार्थी असफल हो गये हैं, वे निराश न हो। पुनः अच्छी पढ़ाई करके परीक्षा में सम्मिलित होने पर सफलता अवश्य मिलेगी। इससे पहले प्राचार्य मेघा ठाकरे परिणाम घोषित किए गए उसमें कक्षा 9 वीं में छत्रपाल 93.33% अंक अर्जित कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं गायत्री 90.50%अंक अर्जित कर दूसरा स्थान तथा तीसरा स्थान धनंजय, दिपक, हेमा प्राप्त किया है। वहीं 11 वीं में लीशा 82% अंक अर्जित कर कर कक्षा में प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं दूसरा स्थान देविका मतावले, तीसरा स्थान योगिता को मिली है।

